





## एक नजर में

### माहेश्वरी समाज ने भीषण गर्मी में बांटा ठंडा शरबत



**नीमच।** बढ़ती गर्मी और नौतपा की भीषण तपिश को देखते हुए माहेश्वरी समाज नीमच द्वारा आमजन के लिए ठंडे शरबत वितरण का सेवा कार्य किया गया। समाज के इस सेवा अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर गर्मी से राहत महसूस की। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ललित राठी ने बताया कि समाज द्वारा 23 मई को विजय टॉकीज चौराहे तथा 24 मई को महेश सर्किल पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक स्वदेशी पतंजलि गुलाब शरबत का वितरण किया गया। सेवा आयोजन के दौरान राहगीरों, महिलाओं, बच्चों एवं विभिन्न समाजों के लोगों ने शरबत ग्रहण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने के साथ सेवा, सहयोग और सामाजिक सरोकार का संदेश देना रहा। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज अध्यक्ष सत्यनारायण जागेटिया, सचिव सुरेश सोडाणी, उपाध्यक्ष जगदीशचंद माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष निर्मल दरक सहित समाज के वरिष्ठजन एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। समाज के अनेक सदस्यों ने शरबत वितरण सेवा में सक्रिय सहभागिता निभाई।

### जीरन तालाब के हाथी मंदिर घाट पर चला सफाई के लिए श्रमदान अभियान




**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान तथा नगर परिषद जीरन के गौरव दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को जीरन तालाब के हाथी मंदिर घाट पर साफ सफाई के लिए श्रमदान किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री रामकरण सागवारिया, उपाध्यक्ष श्री मुकेश राव तावरे, पार्षदगण, निकाय के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता कर घाट की साफ-सफाई की। सभी ने तालाब परिसर से जलकुंभी, प्लास्टिक कचरा एवं अन्य गंदगी हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि जल संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों की सफाई एवं संरक्षण का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। नगर परिषद के गौरव दिवस पर इस तरह के कार्यक्रम से नागरिकों में स्वच्छता एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी जीरन ने नागरिकों से अपील की है कि वे तालाबों एवं अन्य जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें तथा कचरा इधर-उधर न फेंकें।

### भीषण गर्मी में रेलवे स्टेशन पर श्री नवकार सेवा संस्थान की शीतल जल सेवा, यात्रियों को मिली राहत



**नीमच।** मई माह की भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच श्री नवकार सेवा संस्थान द्वारा रेलवे स्टेशन पर शीतल जल सेवा का आयोजन किया गया। सेवा कार्य की शुरुआत 27 नवकार मंत्र के सामूहिक जाप के साथ हुई। संस्थान की बहनों ने सेवा भाव से रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों को ठंडा और स्वच्छ जल पिलाकर मानवता और सेवा का प्रेरणादायी संदेश दिया। गर्मी से परेशान यात्रियों के लिए यह जल सेवा बड़ी राहत साबित हुई। यात्रियों ने भी संस्थान के इस सेवा कार्य की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान संस्थान की सदस्याओं ने पूरे उत्साह, समर्पण और अनुशासन के साथ यात्रियों की सेवा की। वहीं रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन जल सेवा में सहयोग देने वाले महानुभावों का माला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत और सम्मान भी किया गया। संस्थान का उद्देश्य केवल प्यासे लोगों को पानी पिलाना ही नहीं, बल्कि समाज में सेवा, संवेदनशीलता और मानवता की भावना को मजबूत करना भी रहा। कार्यक्रम में प्रियंका मोगरा, रेखा गांधी, कला वीरवाल, शिमला फाफरिया, अध्यक्ष माया वीरवाल एवं सचिव भावना चौधरी सहित अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं। अंत में सचिव भावना चौधरी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### पुलिस ने करवाई 108 गुण्डों, निगरानीशुदा बदमाशों और पूर्व अपराधियों की परेड



**नीमच।** जिला नीमच में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास के निर्देशन में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गुण्डों, निगरानीशुदा व्यक्तियों एवं पूर्व अपराधियों को थाना/चौकी बुलाकर थाना पर उनकी गतिविधियों की जांच हेतु थाना परेड कराई जा रही है। जिला नीमच के पुलिस थानों एवं चौकियों में दिनांक 24.05.2026 को एसपी राजेश व्यास के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद श्री रोहित राठौर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनासा निकीता सिंह के मार्गदर्शन में जिलें के सभी पुलिस थानों में पर गुण्ड़ों, निगरानीशुदा व्यक्तियों एवं पूर्व अपराधियों को थाना/चौकी बुलाकर थाना उपस्थिति दर्ज की गई एवं उनकी गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की जाकर डोजीयर भरवाया गया। इस दौरान कुल 108 गुण्ड़ों, निगरानीशुदा व्यक्तियों एवं पूर्व अपराधियों की उपस्थिति दर्ज की जाकर उनकी गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई एवं डोजीयर भरवाया गया। इस दौरान सत्यापन के साथ-साथ संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने हेतु स्पष्ट और सख्त चेतावनी दी गई। पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा जिलें की जनता से अपील की गई है कि वे अपने आसपास होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच 07423-228000/7049101042 अथवा नजदिकी पुलिस थानें पर देवे। को दें और सुरक्षित समाज के निर्माण में भागीदार बनें।

# भीलवाड़ा से सिंगोली आ रही बस खाई में गिरी

- 30 से 40 यात्री बुरी तरह से हुवे घायल, ड्राइवर कंडक्टर मौके से फरार



**सिंगोली। भीलवाड़ा से सिंगोली आ रही यात्री बस रविवार दोपहर पलट गई। शिवशक्ति बस क्रमांक आरजे 20 पीबी 1553 सिंगोली थाना क्षेत्र के तिलस्वां घाट में अनियंत्रित होकर 40 से 50 फीट गहरी खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें सवार करीब 30 से 40 यात्री बुरी तरह घायल हो गये।**

प्रत्यक्षदर्शी और बस में सवार गोपाल पिता पुसा निवासी भिनाय जिला अजमेर ने बताया कि चालक घाट सैंक्शन में तेज गति और लापरवाही पूर्वक बस का संचालन कर रहा था जिससे अचानक बस का संतुलन बिगड़ गया ओर मोड पर बस अनियंत्रित होकर लगभग 40 से 50 फीट गहरी खाई में पलटी खाकर गिर गई जिससे मौके पर ही चिक पुकार मच गई दुर्घटना के बाद चालक और बस कंडक्टर बस से कुदकर फरार हो गये दुर्घटना के दौरान बिजोलिया राजस्थान की ओर से सिंगोली आ रहे भाजपा जिला महामंत्री अशोक सोनी विक्रम को घाट क्षेत्र में लोगों की भीड़ देख आशंका हुई। इस पर उन्हें बस दुर्घटना होने की जानकारी मिली उन्होंने तत्काल सिंगोली थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा को सूचना देकर घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया दुर्घटना की जानकारी मिलते ही सिंगोली थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा मौके पर पहुंचे और डायल 112 एंबुलेंस सहित निजी वाहनों से घायलो को सिंगोली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां पर स्वास्थ्य केंद्र पर मौजूद कर्मियों और नगर के निजी चिकित्सकों डा. अर्जुन धाकड़ प्रकाश धाकड़ रईस खान ने संपूर्ण स्टाफ के साथ पहुंचकर घायलों का प्राथमिक उपचार करकर सेवाएं प्रदान की। बस में सवार अधिकांश यात्रियों को हाथ पैर और सिर में चोटे आई हैं। बस दुर्घटना की जानकारी मिलते ही घायल यात्रियों के परिजन भी सिंगोली स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे परिवार के लोगों ने अपने परिजनों का प्राथमिक उपचार कराकर घायल हुए परिजनों को नीमच कोटा भीलवाड़ा चित्तौड़ के लिए लेकर निकले। दुर्घटना में एक महिला और एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें रेफर किया गया। जानकारी मिलते ही तहसीलदार प्रेमशंकर पटेल सहित जनप्रतिनिधियों सुरेशचंद जैन (भाया बगड़ा) पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजकुमार मेहता सामाजिक संस्थाओं प्रतिनिधि भी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और थाना प्रभारी से दुर्घटना के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। घायल देवीलाल पिता गणेश उम्र 65 वर्ष निवासी सोडीजर मांगी बाई देवीलाल उम्र 65 वर्ष निवासी सोडीजर नफीस कमरुद्दीन उम्र 35 वर्ष शाहपुरा अफसाना इम्तियाज उम्र 41 वर्ष भीलवाड़ा निधि मनीष उम्र 15 वर्ष उदयपुर कृष्ण प्रहलाद उम्र 32 वर्ष बड़ी विकास राजू उम्र 11 वर्ष भीलवाड़ा शकुंतला नवल कुमार (68) सिंगोली शारदा शरद (68) रावतभाटा पिंकी गोविंद उम्र 23 रामनगर कैलाश गोपाल पटियाल गोपाल लक्ष्मी नारायण पटियाल भावना राहुल सिंगोली धर्मराज भेरूलाल उम्र 42 वर्ष अजमेर सोनू संजय कुमार और अन्य शामिल हैं।

#### लापरवाही पूर्वक बसों का संचालन

बता दें कि सिंगोली से बिजौलिया, भीलवाड़ा चलने वाली बसों के परमिट मेघनिवास से बिजौलिया के होते हैं लेकिन बस मालिक और ड्राइवर, कंडक्टर अपने आर्थिक लाभ के लिए कम समय में अधिक फेरे करने के चक्कर में बसों का संचालन लापरवाहीपूर्वक करते हुए सवारियों की जान के साथ खिलवाड़ करते हैं। सिंगोली राजस्थान की सीमा पर स्थित होने के कारण ज्यादातर बसों का पंजीयन राजस्थान का होने के कारण इन पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं होने से बस संचालकों और ड्राइवर कंडक्टर मनमानी करते हुए लापरवाहीपूर्वक बसों को दौड़ाते है।

### नीमच जिला कांग्रेस के 52 सदस्यों की कार्यकारिणी घोषित

**नीमच।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के अनुमोदन पर प्रदेश कांग्रेस के संगठन प्रभारी ने 5 2 सदस्यीय कार्यकारिणी घोषित कि है जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने बताया कि घोषित कार्यकारिणी मै सभी वर्ग को प्रतिनिधित्व दिया गया है नव नियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि पूर्व से कार्यरत जिला संगठन महासचिव बृजेश मित्तल को पुन संगठन महासचिव नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार पर्व में कार्यरत जिला कांग्रेस प्रवक्ता भगत वर्मा को फिर जिला कांग्रेस प्रवक्ता नियुक्त किया गया श्री वर्मा पिछले दस साल से इसी पद पर कार्यरत है दुसरा प्रवक्ता मनोहर अंब को बनाया गया है कोषाध्यक्ष का दायित्व बृजेश सक्सेना को दिया गया है दो सोशल मिडीया प्रभारी पद पर अर्जुन चापडा, तथा राजकुमार छीपा को नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी मे दस उपाध्यक्ष, 15 महासचिव, 21 सचिव, तथा दो सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए है।

## पेंट फैक्ट्री में काम कर रहे बिहार के मजदूर की तबीयत बिगड़ने से मौत

**नीमच।** जिले के सगराना गांव में स्थित एक निर्माणाधीन गोल्ड क्रश सीमेन्ट फैक्ट्री में मजदूरों की मौत का सिलसिला जारी है। पिछले ढाई महीने में यह तीसरी घटना है, जब किसी मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। हाल ही में, एक और मजदूर की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। इन लगातार हो रही मौतों के बाद फैक्ट्री प्रबंधन और ठेकेदारों की भूमिका पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, बिहार के गोपालगंज जिले के गढ़वा निवासी गोधन शर्मा (52 वर्ष) सगराना की इसी गोल्ड क्रश फैक्ट्री में मजदूरी करता था। शनिवार शाम को ड्यूटी के दौरान उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गोधन को तेज चक्कर आया और वह जमीन पर गिर पड़ा, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद फैक्ट्री के अन्य कर्मचारी उसे कनावटी स्थित ज्ञानोदय चिकित्सालय ले गए। वहां उपचार के दौरान गोधन ने दम तोड़ दिया। इसके बाद शव को जिला चिकित्सालय लाया गया। रविवार को जिला अस्पताल पुलिस चौकी ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस निर्माणाधीन फैक्ट्री में मजदूरों की सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। चार दिन पहले ही झारखंड निवासी मजदूर वंदना गोप की भी तबीयत खराब होने से मौत हो गई थी। लगभग ढाई महीने पहले, बिहार के सीवान जिले के बड़ूवा निवासी मैकेनिक जयराम गुप्ता (45 वर्ष) की भी हाइड्रा मशीन में डीजल डालते समय चक्कर आने के बाद तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई थी। लगातार हो रही इन मौतों से फैक्ट्री में काम करने वाले अन्य मजदूरों में भी दहशत का माहौल है। कंट थाना प्रभारी सौरभ शर्मा का कहना है कि सगराना स्थित निर्माणाधीन फैक्ट्री में मजदूर की मौत के मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### पर्यावरण संरक्षण में उत्कृष्ट कार्य के लिए किशोर बागड़ी होंगे सम्मानित

**नीमच।** पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले नीमच जिले के पर्यावरण मित्र किशोर बागड़ी का चयन 'पर्यावरण मित्र सम्मान 2026' के लिए किया गया है। यह सम्मान उन्हें विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राजस्थान के सीकर में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था कमला देवी जनसेवा संस्थान द्वारा किया जा रहा है। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. एस. के. फगेड़िया ने जानकारी देते हुए बताया कि किशोर बागड़ी पिछले 35 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता के क्षेत्र में सक्रिय रूप से सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने स्वच्छता अभियान, जल संवर्धन, जैव विविधता संरक्षण, 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', स्वच्छ भारत मिशन तथा जीव दया जैसे कई सामाजिक अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके साथ ही विलुप्त होती पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं की प्रजातियों के संरक्षण के लिए भी वे लगातार कार्य कर रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उनकी निस्वार्थ सेवा भावना को देखते हुए संस्था ने उन्हें इस सम्मान के लिए चयनित किया है।

## फिट इंडिया के रंग में रंगा मेहता स्टेडियम




**नीमच।** भारत सरकार के 'फिट इंडिया मूवमेंट' अभियान के अंतर्गत आज ग्रुप केंद्र, सीआरपीएफ नीमच द्वारा परिसर में स्थित मेहता स्टेडियम से एक 'भव्य साइकिल रैली' का आयोजन किया गया। श्री प्रमोद कुमार साहू कमांडेंट ग्रुप केंद्र नीमच द्वारा हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया गया, जिसके साथ ही रैली का शुभारंभ हुआ।

रैली का उद्देश्य अधिकारियों एवं जवानों में शारीरिक फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना एवं आम जनता को संदेश देना था। इस साइकिल रैली में सीआरपीएफ नीमच स्थित सीटीसी नीमच, ग्रुप केन्द्र नीमच, रेंज नीमच, आरटीसी नीमच, संयुक्त अस्पताल नीमच, प्रथम बटालियन तथा 4 सिग्नल बटालियन के अधिकारियों एवं कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक एवं सक्रिय रूप से भाग लिया। रैली का शुभारंभ मेहता स्टेडियम से किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने फिटनेस एवं स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संदेश जनता को भी दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने नियमित व्यायाम, साइकिल चलाने तथा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संकल्प लिया। यह रैली मेहता स्टेडियम, मेहता गेट, पी.एम. श्री केन्द्रीय विद्यालय, गर्ल्स कॉलेज, सीआरपीएफ चौक होते हुए सरदार गेट पहुंचा।

शैलेंद्र थोरेचा उप कमांडेंट ग्रुप केंद्र सीआरपीएफ नीमच को इस रैली के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था। कार्यक्रम का समापन प्रेरणादायी संदेश के साथ किया गया तथा सभी प्रतिभागियों के उत्साह एवं अनुशासन की सराहना की गई।

## गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग तेज, 27 जुलाई को नीमच में गौ सेवकों की विशाल यात्रा




**नीमच।** देश में गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने, गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और गौ रक्षा के लिए कड़ा केंद्रीय कानून बनाने की तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत आंदोलन तेज किया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को शहर के गायत्री मंदिर परिसर में जिले के गौ सेवकों ने एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया।

संबोधित करते हुए स्वामी गौशरणानंद सरस्वती ने बताया कि अभियान के पहले चरण में 27 अप्रैल को देश की 5000 से अधिक तहसीलों में प्रार्थना पत्र सौंपे गए थे। अब दूसरे चरण में आगामी 27 जुलाई को पूरे भारत के 790 जिलों में एक साथ जिला मुख्यालयों पर प्रार्थना पत्र दिए जाएंगे। नीमच जिले में इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जा रहा है। इसके तहत जिले की प्रत्येक तहसील और हर गांव में पहुंचकर करीब 3 लाख से अधिक लोगों के हस्ताक्षर जुटाए जाएंगे, जिससे आम जनता को इस मुहिम के प्रति जागरूक किया जा सके। आगामी 27 जुलाई को होने वाले मुख्य आयोजन की रूपरेखा साझा करते हुए स्वामी सरस्वती ने बताया कि नीमच जिले की सभी 59 गौशालाओं की टीमें इस अभियान से सक्रिय रूप से जुड़ी हैं। सभी गौशालाओं से विशेष रूप से तैयार आकर्षक झांकियां नीमच शहर लाई जाएंगी। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8:00 से 10:00 बजे तक 'श्री राम जय राम जय जय राम' के सामूहिक विजय नाम संकीर्तन के साथ होगी। इसके बाद सभी रथ और झांकियां एक स्थान पर एकत्रित होंगी। सुबह 11:00 बजे नीमच शहर के प्रमुख मार्गों से भव्य 'गौ सम्मान यात्रा' निकाली जाएगी। इस यात्रा में जिलेभर के गांवों और तहसीलों से आए 20 हजार से अधिक गौ सेवक शामिल होंगे। यह विशाल रैली शहर का भ्रमण करते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगी, जहां प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से महामहिम के नाम प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा। गौ सेवकों ने नीमच की आम जनता से इस राष्ट्रव्यापी और पुण्य कार्य में हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

### जिला कांग्रेस मे पहली बार बनी अनुशासन समिति अजित काठेड होगे अध्यक्ष

**नीमच।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के अनुमोदन पर नीमच जिला कांग्रेस मे पहली बार अनुशासन समिती का गठन किया गया जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरूण बाहेती की अनुसंशा पर यह समिती का गठन किया गया है जिला कांग्रेस के जिला प्रवक्ता भगत वर्मा ने बताया कि इस अनुशासन समिती के अध्यक्ष पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजित काठेड बनाए गए है साथ सदस्यो कि समिती मे डाक्टर पृथ्वीसिंह वर्मा ;एडवोकेट जगदीश शर्मा , एडवोकेट श्याम चतुर्वेदी, अशरफ मेव गुड्डू, श्रीमती शारदा जोशी तथा रमेश कदम को लिया गया है ।जिला कांग्रेस प्रवक्ता भगत वर्मा ने बताया कि जिला कांग्रेस समिती 35 विशेष आमंत्रित सदस्य लिए गए है जिनभे पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन पूर्व विधायक नन्दकिशोर पटेल तथा डाक्टर सम्पत जाजू , नरेन्द्र नाहटा , चुन्नीलाल धाकङ, सत्यनारायण पाटीदार तथा समंदर पटेल , अनिल चोरसीया,अरबिद चोपङा , अजित काठेड, मधु बंसल, दिलीप गुर्जर, योगेश प्रजापत, मंगेश संघई, श्रीमती नितां दुआ, संजीव पगारिया, मनीष जोशी, राकेश अहीर, भानुप्रताप सिह,हेमलता भंडारी, विनोद दक,संदीप राठौर, राजेन्द्र सिंह तोमर तथा रामायण सगवारिया आदि शामिल है इसी प्रकार 41 सदस्य विशेष मार्ग दर्शक के रूप मे लिए गए है।

## लापता महिला का शव खेत में मिला : पेट की बीमारी से परेशान थी, जहर पीकर सुसाइड की आशंका

**नीमच।** शहर के केंट थाना क्षेत्र में शनिवार शाम से लापता एक महिला का शव देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक खेत में मिला। परिजनों के अनुसार, महिला पेट की गंभीर बीमारी से परेशान थी और उसने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



**स्कूटी लेकर घर से निकली थी महिला:** विकास नगर निवासी अर्पिता पति आशीष जैन शनिवार शाम करीब 6 बजे अपनी स्कूटी लेकर घर से निकली थीं। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। कोई सुराग न मिलने पर उन्होंने केंट थाने में सूचना दी और सोशल मीडिया पर गुमशुदगी का पोस्टर भी वायरल किया।

**खेत के मिला शव, पास में जहर की शीशी मिली:** देर रात परिजन महिला की तलाश करते हुए नीमच-भरभड़िया रोड पर पिनेकल स्कूल से कनावटी जाने वाले मार्ग पर पहुंचे। वहां एक खेत के पास अर्पिता की स्कूटी खड़ी मिली। खेत के अंदर जाने पर महिला बेसुध अवस्था में पड़ी मिली और उसके पास ही जहरीले पदार्थ का एक पाउच/शीशी भी बरामद हुई।

**चार साल से पेट की एक गंभीर बीमारी से थी पीड़ित:** परिजनों ने बताया कि अर्पिता पिछले लगभग चार साल से पेट की एक गंभीर बीमारी से पीड़ित थीं। उनका इलाज भी चल रहा था, लेकिन बीमारी ठीक न होने के कारण वह मानसिक रूप से काफी परेशान रहने लगी थीं। इसी अवसाद के चलते उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठाया।

**पुलिस ने पीएम के लिए भेजा शव:** सूचना मिलते ही केंट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। महिला को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहनता से जांच कर रही है।

**एक नजर** — जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशमी पर्व पर आज जिले में कार्यक्रम

# तालाब गहरीकरण, जल चौपाल और अन्य आयोजन में लोग करेंगे श्रमदान

**नीमच।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश सहित जिले में गंगा दशमी पर्व पर आज 25 मई सोमवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। नीमच जिले के ग्राम सावन में जिला स्तरीय कार्यक्रम में 25 मई को प्रातः 9 बजे जल चौपाल, तालाब गहरीकरण, कलश यात्रा एवं प्राचीन बावड़ी की स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

प्रदेश के मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जल गंगा संवर्धन कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की ओर आवश्यक निर्देश भी दिए।

**सम्भावित पेयजल संकट से निवारण तैयारियों की समीक्षा:** मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने सभी जिलो में ग्रीष्मकाल में संभावित पेयजल संकट का आंकलन कर समस्या के समाधान की तैयारियों की भी विस्तार से समीक्षा की। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए, कि पेयजल आपूर्ति संबंधी शिकायतों, समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। यथा संभव 48 घंटों में पेयजल आपूर्ति समस्या का समाधान कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव ने पेयजल संबंधी शिकायतों को प्राप्त करने के लिए स्थापित जिला स्तरीय कंट्रोल रूम पर प्राप्त शिकायतों और सीएम हेल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग कर उनका त्वरित निराकरण करने और की गई कार्यवाही से संबंधित को अवगत कराने के भी निर्देश दिए है। नीमच के एन.आई.सी.कक्ष में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, परियोजना अधिकारी शहरी विकास श्री पराग जैन, सभी सीएमओ, जनपदों के सीईओ, लो.स्वा.यां.वि.तथा जल निगम के अधिकारी भी उपस्थित थे।

